बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना- 800001

आवश्यक सूचना

68वीं संयुक्त प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर्गत सामान्य अध्ययन विषय की प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला 'A', 'B', 'C' एवम् 'D' के सभी प्रश्नों के औपबंधिक उत्तर दिनांक 18-02-2023 को आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित करते हुए उम्मीदवारों से आपत्ति आमंत्रित किये गये थे।

उम्मीदवारों से प्राप्त आपत्ति आवेदनों की समीक्षा के बाद विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा तैयार प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला 'A', 'B', 'C' एवम् 'D' के सभी प्रश्नों के आदर्श उत्तर दिनांक 04-03-2023 से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

औपबंधिक उत्तर में जिन प्रश्नों पर निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई उन उत्तरों को निर्विवाद रूप से आदर्श उत्तर माना जाता है । इन उत्तरों पर अब और कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी ।

औपबंधिक उत्तर में जिन प्रश्नों पर निर्धारित तिथि तक आपत्ति प्राप्त हुई उनकी समीक्षा के उपरांत उनके सही उत्तर का औचित्य स्पष्ट किया जा चुका है | अब इन पर कोई नयी आपत्ति अथवा किसी नए आपत्तिकर्ता की कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी |

मात्र सम्बंधित आपत्तिकर्ता-अभ्यर्थी जो इस आदर्श उत्तर से संतुष्ट नहीं हों और उनके पास अपनी आपत्ति के पक्ष में कोई नया साक्ष्य/तर्क हो, जो पूर्व में समर्पित साक्ष्य/तर्क की पुनरावृत्ति नहीं हो, केवल वैसे अभ्यर्थी ही प्रामाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ अपने आपत्ति/सुझाव नीचे दिये गये आपत्ति प्रपत्र में परीक्षा का नाम, अभ्यर्थी का नाम, अनुक्रमांक एवम् पता के साथ आयोग के Email- bpscpat-bih@nic.in पर दिनांक 07-03-2023 तक भेज सकते हैं।

यह ध्यातव्य रहे कि ऐसे सम्बंधित अभ्यर्थियों के लिए यह अंतिम अवसर होगा और उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवम् सुझाव पर आयोग के स्तर पर कोई विचार नहीं किया जायेगा |

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि इस आदर्श उत्तर पर उपरोक्त प्रक्रिया से प्राप्त आपत्ति के निष्पादन के उपरांत उत्तर में कोई परिवर्तन नहीं होने की स्थिति में यह आदर्श उत्तर अंतिम रूप से निर्धारित समझा जाएगा | परन्तु किसी उत्तर में परिवर्तन होने की स्थिति में उसपर नए सिरे से आपत्ति आमंत्रित की जाएगी | अबतक कोई भी औपबंधिक उत्तर को आपत्ति के उपरांत परिवर्तन योग्य नहीं पाया गया है।

आपत्ति प्रपत्र

68वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा

अनुक्रमांक......................नाम..................................प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला................

क्र०सं०	प्रश्न संख्या	आदर्श उत्तर	उम्मीदवार द्वारा ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर कूटबद्ध किया गया (encoded) उत्तर	उम्मीदवार द्वारा सुझाया गया उत्तर	आपत्ति का आधार/स्त्रोत/साक्ष्य

उम्मीदवार का नाम एवम् हस्ताक्षर (तिथि साहित)
उम्मीदवार का दूरभाष/मोबाइल संख्या-

04/03/23

परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना